प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा में नक्सलियों ने किया आईईडी विस्फोट, सब इंस्पेक्टर घायल, एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए लाया गया रांची, बोकारो में सुरक्षाबलों ने नक्सली बंकर किया ध्वस्त।

2- राज्य सरकार ने मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया फैसला– अब किसानों के दो लाख रुपये तक का ऋण होगा माफ।

3- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर एसओपी जारी, अब ऑफलाइन भी जमा होंगे आवेदन, मतदाता पहचान पत्र की अनिवार्यता खत्म।

4- राज्य में मानसून सक्रिय, मौसम विभाग ने 11 अगस्त तक अच्छी बारिश का जताया पूर्वानुमान। रांची, पलामू और चतरा समेत कई जिलों में आज भी बारिश की संभावना।

5- पेरिस ओलम्पिक में मौजूदा चैम्पियन नीरज चोपडा आज भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक के लिए खेलेंगे, कांस्य पदक के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का सामना स्पेन से।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा स्थित छोटानागरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया है, जिसमें सुरक्षाबल का एक अधिकारी घायल हो गया है। घटना के बाद घायल दारोगा को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों के जवान इलाके में सर्च अभियान चला रहे थे। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया।

****

इधर, बोकारो जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बेरमो अनुमंडल के ललपनिया के लुगू पहाड़ी में छापेमारी कर एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली विवेक के बंकर को ध्वस्त कर दिया है। बंकर से रोजमर्रा में उपयोग की जाने वाली विभिन्न सामग्रियों के अलावा नक्सली पत्रिका, नक्सल पोस्टर समेत कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

****

झारखंड के किसानों को अब दो लाख रुपये तक का ऋण माफ होगा। राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गयी है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि 31 मार्च 2020 के पूर्व जिन किसानों ने दो लाख रुपये तक के कर्ज लिये थे, उसे सरकार ने माफ करने का फैसला किया है।

****

राज्य सरकार ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी में बदलाव किया है। राज्य कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि अब इस योजना के तहत आवेदन ऑफलाइन भी लिये जायेंगे। एसओपी में मतदाता पहचान पत्र की अनिवार्यता भी खत्म कर दी गयी है।

****

इधर, केन्द्रीय मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मंइयां सम्मान योजना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार अधूरे वादों पर पर्दा डालने के लिए यह योजना लेकर आयी है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मईयां सम्मान योजना को धरातल पर उतारने में आई कठिनाइयों को दूर कर लिया गया है।

****

राज्य सरकार ने गिरिडीह जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण को मंजूरी प्रदान की है। इसे सिलसिले में जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक बाद में विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि पचंबा के जरीडीह में जल्द ही इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कार्य शुरु किया जायेगा।

****

देवघर स्थित श्रावणी मेले में हर दिन बड़ी संख्या में कांवरिया आ रहे हैं। जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि 16 दिनों में साढ़े सताइस लाख कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक किया है। उन्होंने इस दौरान बाबा मंदिर को हुई आय की भी जानकारी दी।

****

राज्य में अगले तीन दिनों तक मानसून के सक्रिय रहेगा। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन अब भी कायम है। इस कारण राज्य में 11 अगस्त तक अच्छी बारिश हो सकती है।

****

पेरिस ओलिंपिक में विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाडी नीरज चोपड़ा अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। वे आज रात एक बार फिर इतिहास रच सकते हैं। वहीं, पुरूष हॉकी टीम आज शाम ओलिंपिक के कांस्य पदक मैच में स्पेन के साथ भिड़ेगी।

****

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलिम्पिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वजन बढ़ने के कारण कल अयोग्य घोषित कर दिए जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है।

****

इससे पहले विनेश फोगाट ने अयोग्य घोषित किए जाने के खिलाफ कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स–सीएएस में अपील दायर की है। उन्होंने सीएएस से मांग की है कि उन्हें संयुक्त रूप से सिल्वर मेडल दिया जाये।

****

इस बीच हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि राज्य सरकार विनेश फोगाट को ओलंपिक सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ी की तरह ही सम्मान और इनाम देगी। श्री सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने यह फैसला किया है कि विनेश का स्वागत और अभिनंदन एक मेडलिस्ट की तरह ही किया जायेगा।

****